# ग्रामीण पर्यटन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए कलेक्टर सम्मानित



## देवगढ़ होम स्टे का मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल लोकार्पण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के ग्रामीण पर्यटन को नई दिशा देने वाले छिंदवाड़ा जिले के लिए बुधवार का दिन गौरवपूर्ण रहा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में म.प्र. टूरिज्म बोर्ड द्वारा आयोजित श्ग्रामीण रंग-पर्यटन संग कार्यक्रम के दौरान छिंदवाड़ा जिले के देवगढ़ में विकसित होम स्टे का वर्चुअल लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने होम स्टे संचालिका हितग्राही कविता देवी सिंह धुर्वे से संवाद करते हुए मुस्कुराते हुए पूछाकृष्जब हम देवगढ़ आएंगे, तो क्या हमें भी स्वादिष्ट भोजन मिलेगा। इस पर कविता धुर्वे ने आत्मविश्वास के साथ हाँ में उत्तर दिया, जिससे पूरे सभागार में एक आत्मीय माहौल बन गया।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के साथ ही मंत्री विश्वास सारंग, मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर और राज्य शासन एवं पर्यटन बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने में बहुमूल्य सहयोग और शत-प्रतिशत होम स्टे निर्माण का लक्ष्य पूरा करने पर कलेक्टर शीलेंद्र सिंह को राज्य स्तरीय विशेष सम्मान से नवाज़ा गया है।

साथ ही ग्रामीण पर्यटन परियोजना के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर छिंदवाड़ा जिले की जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (डी.ए.टी.सी.सी.) को भी सम्मानित किया गया है, यह सम्मान परिषद के सचिव, सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार को प्रदाय किया गया है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री सिंह के नेतृत्व और सतत निगरानी से जिले में दर्जनों होम स्टे समय पर तैयार होकर सुचारु रूप से संचालित हो रहे हैं। इन होम स्टे में पर्यटकों को न केवल स्वच्छ आवास और स्वादिष्ट स्थानीय भोजन मिल रहा है, बल्कि जनजातीय संस्कृति, हस्तशिल्प और ग्रामीण जीवनशैली का भी अद्वितीय अनुभव प्राप्त हो रहा है।

देवगढ़ में आयोजित वर्चुअल लोकार्पण समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति रही। इनमें प्रभारी ए.डी.एम. श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, एस.डी.एम. सुधीर जैन, डिप्टी कलेक्टर एवं जनपद सी.ई.ओ. राहुल पटेल, पर्यटन प्रबंधक गिरीश लालवानी, जिला पंचायत सदस्य मदन गेंदलाल साहू, लालसिंह बिंदू बट्टी, सरपंच बलदेव धुर्वे सहित देवगढ़ के सभी होम स्टे संचालक एवं अनेक गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए।

जिले में अब तक 30 से अधिक होम स्टे स्थापित हो चुके हैं, जो राज्य में सबसे अधिक हैं। पर्यटन ग्राम सावरवानी में अब तक 11 देशों के सैलानी पहुँच चुके हैं और 2,000 से अधिक पर्यटक विभिन्न होम स्टे का लाभ ले चुके हैं। यह आंकड़े छिंदवाड़ा को न केवल प्रदेश बल्कि देश के ग्रामीण पर्यटन मानचित्र पर एक मजबूत पहचान दिला रहे हैं।

## अनुसूचित जाति महिला जिला अध्यक्ष ने वार्ड नौ लहगडुआ में ली बैठक



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार एवं प्रदेश अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष गुरूचरण खरे के मार्गदर्शन में कांग्रेस अनुसूचित जाति महिला जिला अध्यक्ष संतोषी गजभिये द्वारा वार्ड क्रमांक 9 लहगडुआ में पार्टी को मजबूत बनाने और कमलनाथ एवं नकुलनाथ द्वारा अपने कार्यकाल में किये गये विकास कार्यो का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से कल 18 जून को बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य रूप से मंजू पहाड़े, संगीता पहाड़े, अंजली पहाड़े, गुलसिया बघेल, सरस्वती बघेल, रामप्यारी बघेल, अन्जू बघेल, रून्या बघेल, सोनाली झरबड़े, सुमन पहाड़े, सरिता मानेकर सहित वार्ड की अन्य महिलायें उपस्थित थी।

## हिन्दी प्रचारिणी की 22 को सामान्य सभा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** हिन्दी प्रचारिणी समिति की 89 वी वार्षिक सामान्य सभा की बैठक 22 जून को 4 बजे रखी गई है

## सार-समाचार

### प्रभारी कार्यपालन यंत्री हिमांशु अतुलकर ने किया कार्यभार गृहण



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन नगरीय प्रशासन विभाग के द्वारा जारी आदेश के परिपालन में स्थानांतरण होकर आऐं प्रभारी कार्यपालन यंत्री हिमांशु अतुलकर आयुक्त नगर पालिक निगम सी.पी. राय से मुलाकात की और उन्हें अपनी ज्वायनिंग दी। तदुपरांत आपने नगर पालिक निगम में कार्यभार गृहण किया है। इस अवसर पर प्रभारी सहायक यंत्री बृजेश पांडे और सभी उपयंत्रियों ने उनको बुके देकर स्वागत किया इसके पश्चात प्रभारी कार्यपालन यंत्री हिमांशु अतुलकर ने सभी उपयंत्रियों का परिचय प्राप्त किया।

### एक मरीज को मिली 45 हजार की आर्थिक सहायता

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से एक गंभीर रूप से बीमार मरीज को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि से भव्य यदुवंशी पिता कन्हैया, निवासी ग्राम बुधवार तह. जुन्नारदेव जिला छिंदवाड़ा को 45000/- की राशि स्वीकृत की गई। सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए मरीज एवं उनके परिजनों ने उनकी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए ईलाज करने में असमर्थ होने की जानकारी देते हुए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए गुहार लगाई थी। सांसद के प्रयास से सहायता राशि मिलने पर गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीज का अस्पताल में इलाज हो सकेगा। आर्थिक सहायता मिलने पर मरीज और उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।

### किसानों को सोसायटियों से नगद में मिले खाद, कांग्रेस ने भेजा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि जिले के किसानों को सोसायटियों से नगद में खाद प्रदान नहीं की जा रही है, नगद में खाद नहीं देने से किसानों को परेशानी हो रही है, किसानों को सोसायटियों से नगद में खाद दी जानी चाहिये। किसानों को मक्का लगाने का उपकरण किसानों को अनाप-शनाप दामों पर विक्रय किये जा रहे हैं, उस पर नियंत्रण लगाया जाकर सही दामों पर उक्त कृषि उपकरण किसानों को मिलने चाहिये और प्रधानमंत्री भारतीय जन उर्वरक परियोजना भारत एन.पी.के. खाद कृष्णा फेरकेम लिमिटेड के नकली खाद की गुणवत्ता और मानकों की शिकायतें प्राप्त हो रही है, इसकी उच्च स्तरीय जांच करवाकर इसके विरूद्ध कार्यवाही की जानी चाहिये । उन्होनें जिला कलेक्टर और उप संचालक कृषि को ज्ञापन प्रेषित है।

### सिंचाई के लिए मांग पत्र आमंत्रित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** वर्ष 2025 की खरीफ फसलों की बरगी नहरों से सिंचाई के लिए जल लेने गोटेगांव व नरसिंहपुर तहसील के संबंधित लगभग 126 ग्रामों के किसानों से 31 जुलाई 2025 पूर्व मांग पत्र एवं अनुबंध प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है, ताकि नहरों से खरीफ फसलों के लिए निर्धारित तिथि से जल प्रवाह किया जा सके। इन ग्रामों में मुख्य नहर की आरडी 63.420 से 81.300 किमी तक वितरण प्रणालियों में क्रमशः हरेरी शाखा नहर एवं करेली वितरण नहर व देवरी वितरण नहर, बगासपुर, रामनिवारी व तिघरा माइनर, कमांड की माइनरों/ सब माइनरों से लगभग 126 ग्रामों की लगभग 3 हजार हेक्टर भूमि में निर्मित नहर प्रणाली से खरीफ फसलों की सिंचाई करने का लक्ष्य रखा गया है। यह जानकारी कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर संभाग दो गोटेगांव ने दी है।

# भाजपा राज में वंचित वर्ग प्रताड़ित, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

## नहीं मिल रहा शासकीय योजनाओं का लाभ : कांग्रेस



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा सरकार शोषित, वंचित व निर्धन लोगों पर लगातार अत्याचार कर रही है। छिन्दवाड़ा नगर पालिक निगम क्षेत्र के पात्र हितग्राही प्रशासनिक जिम्मेदारों के गैरजिम्मेदाराना कार्य से प्रभावित हो रहे। शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे तो वहीं दूसरी ओर निर्धन कल्याण की योजनाओं के क्रियान्वयन में जिम्मेदार कृत्रिम अवरोध उत्पन्न कर रहे हैं। जिसके विरोध में कांग्रेस पार्षदल एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्य मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा।

कांग्रेस पार्षद दल एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में प्रस्तुत में उल्लेखित किया कि नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा क्षेत्र के रहवासी पात्र वंचित, शोषित व निर्धन वर्ग के कल्याण के लिए संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर द्वारा भारतीय संविधान के खण्ड- 4 में उल्लेखित अनुच्छेद क्रमशः 39 एवं 44 के आलोक में वर्तमान भारत सरकार व म.प्र. सरकार के सतत विज्ञापन प्रसारण व लोक अभिलेकीय संधारण में निपुणता सिद्ध संबंधितगण जिन्हें योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की जिम्मेदारी निपुण लोकसेवक मानकर सौंपी गई है, उनके द्वारा ही निकाय क्षेत्र के वंचित, शोषित व निर्धन वर्ग के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं में व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है।

लोकसेवकों के द्वारा किए जाने वाले इस अनैतिक कार्य से पात्र योजनाओं के लाभ से लगातार वंचित हो रहे हैं। प्रस्तुत तीन सूत्रीय मांगों के ज्ञापन में कांग्रेस के पार्षद दल व शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एन.एफ.एस. के प्रावधानों के प्रतिकूल पात्र हितग्रहियों की खाद्यन्न पात्रता पर्ची को भोपाल राजधानी स्तर पर है। लगभग एक वर्ष के लम्बे अंतराल से पोर्टल के सर्वर डाउन होने का कृत्रिम झूठा प्रदर्शन करते हुए खाद्यन्न पात्रता पर्ची जारी नहीं की जा रही है।

इस तरह भारतीय संविधान के अनुच्छेद- 47 की अपेक्षाओं के प्रतिकूल पात्र परिवारों को खाद्यान्न से वंचित रखा जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के सम्बंध में जारी गाइड लाइन के विपरित जाकर अतिरिक्त शर्तों को जोड़कर निर्धन बेघर लोगों को उनके अधिकारों से वंचित किए जाने के प्रयास निरंतर किए जा रहे हैं जो कि पूर्णतः असंवैधानिक है।

कांग्रेस पार्षद दल एवं शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 01 अप्रैल 2006 में उद्घोषित मुख्यमंत्री कन्यादान सामूहिक विवाह योजना के क्रियान्वयन स्वरूप छिन्दवाड़ा निकाय में वर्ष 2025 से में सम्पन्न कार्यक्रम के कुछ हितग्राहियों को आज दिनांक तक निकाय के माध्यम से विवाह प्रमाण पत्र एवं प्रोत्साहन राशि को रोककर रखा गया है। अनेकों को हितग्राहियों को हतोउत्साहित कर योजना के लाभ से वंचित रखा जा रहा है, जो कि न्यायोचित नहीं है साथ ही वर्षाकाल लगने के बाद भी गरीबों के अतिक्रमण हटाऐं जा रहे है जबकि 14 जून तक ही अतिक्रमण हटाऐं जाने की बात कही गई थी।

कांग्रेस ने प्रस्तुत ज्ञापन के माध्यम से विनम्रतापूर्वक आग्रह किया कि उपरोक्त उल्लेखित बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुए निर्धन जन कल्याण की योजनाओं से पात्र परिवारों को भाजपा की सरकार में वंचित रखा जा रहा है। इस ओर अविलम्ब व ठोस कार्रवाई कर निर्धन, वंचित व गरीब परिवारों को उनका अधिकार दिलाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करें। ज्ञापन प्रस्तुत करते समय कांग्रेस पार्षद दल एवं शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# कचरा प्रबंधन के लिए स्वच्छता मुहिम



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महापौर विक्रम अहाके एवं आयुक्त सी.पी. राय के नेतृत्व में नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में जागरूकता एवं कचरा प्रबंधन से जुड़ी गतिविधियाँ सघन रूप से चलाई जा रही हैं। सिद्धि विनायक वेस्ट मैनेजमेंट टीम द्वारा जनसहभागिता के माध्यम से स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

स्वच्छता अभियान वार्ड 41 दीनदयाल पार्क एवं वार्ड 42 बस स्टैंड रेड स्पॉट की समस्या और उससे होने वाले दुष्परिणामों के प्रति नागरिकों को सजग किया गया। साथ ही स्वच्छता महुआ एप की जानकारी देकर एप के माध्यम से शिकायत और फीडबैक प्रक्रिया से नागरिकों को जोड़ा गया।

**डोर टू डोर कचरा पृथक्कीकरण अभियान**

वार्ड 23 शांति कॉलोनी, वार्ड 26 छोटी बाजार एवं वार्ड 33 पटेल कॉलोनी में घर-घर जाकर कचरा पृथक्कीकरण की समझ दी गई। लोगों को गीले.सूखे कचरे के साथ-साथ सेनेटरी एवं हानिकारक कचरे के सुरक्षित निपटान की जानकारी दी गई। सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने का संदेश प्रमुखता से दिया गया।

**हर घर दस्तक अभियान- वार्ड 47 में**

वृद्धाश्रम के निकट आयोजित इस अभियान में न केवल स्वच्छता और कचरा प्रबंधन की जानकारी दी गई, बल्कि गीले कचरे से बनने वाली जैविक खाद के प्रचार-प्रसार की दिशा में नागरिकों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर जामुनझिरी स्थित वेस्ट टू कम्पोस्ट यूनिट से तैयार जैविक खाद का विक्रय भी किया गया एवं नागरिकों को इस खाद के उपयोग, लाभ, एवं पर्यावरणीय फायदे बताए गए।

लोगों को बताया गया कि यह खाद मिट्टी की उर्वरता बढ़ाती है और रासायनिक खाद का सुरक्षित विकल्प है। रहवासियों ने इस पहल में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने घरों में कचरा पृथक्कीकरण एवं जैविक खाद के उपयोग को अपनाने का संकल्प लिया।

**स्वच्छता की पाठशाला-वार्ड 16**

बच्चों को विशेष रूप से गीला-सूखा कचरा घरेलू हानिकारक कचरा, स्वच्छता एप और पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी गई। सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता की शपथ भी ली। अतिक्रमण हटाओ अभियान के अंतर्गत निर्माण एवं ध्वस्तीकरण अपशिष्ट को हटाकर जामुनझिरी स्थित सी.एंड.डी. प्रोसेसिंग प्लांट भेजा।

# डॉ. रश्मि नेमा को मिला एलटीबी राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारत सरकार के राष्ट्रीय आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति आयोग द्वारा आयोजित एलटीबी राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार 2025 कार्यक्रम में छिंदवाड़ा की आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि नेमा को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें पूर्व राज्यपाल एवं निक्षय मित्र अनुसुइया उइके के कर-कमलों से प्रदान किया गया।

गरिमामय अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन एवं अलका शुक्ला सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी, आयुष विभाग के प्रतिनिधि तथा चिकित्सा जगत के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

आपको बता दें कि डॉ. रश्मि ने छिंदवाड़ा एवं जयपुर में 501 लेटेन्ट यूट्बर कुलोसिस स्कैन कर एंड एलटीबी अभियान को नई दिशा और गति प्रदान की। उनके द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियानों एवं अथक प्रयासों ने राष्ट्रीय स्तर पर अभियान को मजबूती दी।

प्रशस्ति पत्र में उल्लेख किया गया डॉ. रश्मि नेमा को एंड एलटीबी अभियान में उनके अद्वितीय योगदान हेतु यह सम्मान प्रदान किया जाता है। 501 स्कैन कर इस अभियान को नई दिशा देना आपकी जागरूकता एवं समर्पण प्रेरणादायक है।

डॉ. रश्मि नेमा ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने परिवार, मार्गदर्शकों और सहयोगियों को देते हुए कहा कि आयुर्वेद केवल एक चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि जनकल्याण की भावना है। यदि इसे राष्ट्रीय अभियानों से जोड़ा जाए, तो यह देश को रोगमुक्त बनाने में सशक्त माध्यम बन सकता है।

यह सम्मान न केवल छिंदवाड़ा, बल्कि पूरे आयुर्वेद समुदाय के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है।

# राजा शंकरशाह विवि में अहिल्याबाई पर संगोष्ठी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा द्वारा पुण्यश्लोका अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती पर पी.जी. कॉलेज छिंदवाड़ा के सभागृह में आयोजित राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में प्रमुख अतिथि बतौर बोलते हुए कुलगुरू प्रो. इंद्र प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि सत्ता की साध्वी अहिल्या ने गद्दी को तपोभूमि बनाकर स्वयं को एक नारीशक्ति की श्रेष्ठतम प्रतिमूर्ति सिद्ध किया।

प्रजा उनकी माता थीं तो रानी उनकी उपासिका थीं। अहिल्या ने न्याय की नींव पर समृद्ध राष्ट्र का निर्माण किया। प्रमुख अतिथि वक्ता शासकीय महाविद्यालय चांद के प्राचार्य प्रो. अमर सिंह ने कहा कि अहिल्याबाई का सोच था कि सही नेतृत्व बेहतर इंसान बनाने के लिए प्रेरित करता है।

उन्होंने धर्म को अनुष्ठानिक औपचारिकताओं से निकालकर मानव सेवा में केंद्रित किया। अहिल्याबाई शासकों के नक्षत्रमंडल में सबसे चमकीला सितारा हैं।

उन्होंने राजनीति में आध्यात्म का संचार करने के करतब दिखलाए थे। जहां-जहां मुगल शासन ने विध्वंश किया, वहां उन्होंने आत्मबल, आत्मविश्वास से निर्माण कराए।

अहिल्या एक नाम भर ही नहीं हैं, वे एक युग हैं। वे अपने स्नेह, दूरदर्शिता, बुद्धि, करुणा व न्यायप्रियता जैसे चारित्रिक खूबियों से युग परिवर्तनकारी कुशल शासिका साबित हुईं।

उन्होंने नौकरशाही की जटिलताओं को कम करते हुए समावेशी न्याय मुहैया कराया और प्रजा के भार को अपनी निजी जिम्मेदारी मानकर लोकहित के धर्म का निर्वहन किया।

विशिष्ट अतिथि चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रो. गोविंद सिंह भदौरिया ने कहा कि अहिल्याबाई ने प्रजावत्सल बनकर श्रद्धा व सेवा से समाजकल्याण का साम्राज्य स्थापित किया।

उनका व्यक्तित्व जाग्रत नारीशक्ति, नैतिकता, सत्य व सरलता का पर्याय बन गया था। उन्होंने तलवार से नहीं, परोपकार व न्याय से इतिहास रचकर देवी होने का गौरवपूर्व स्थान प्राप्त किया।

पी.जी. कॉलेज छिंदवाड़ा के प्राचार्य प्रो. वाय.के. शर्मा ने कहा कि अहिल्याबाई ने मुगलों की ऐतिहासिक क्रूरताओं का हिसाब चुकता किया। उन्होंने राजकोष को परोपकारिता में खर्च कर लोकमाता का दर्जा हासिल किया।

परीक्षा नियंत्रक एवं संगोष्ठी के संयोजक प्रो. डी.आर. उइके ने कहा कि इतिहास में अहिल्याबाई के योगदानों को अपेक्षित स्थान मिलने की अभी भी दरकार है। मुगलों के पतनशील दौर में उन्होंने राजा भोज के टक्कर की शासिका होने का फर्ज निभाया।

सेमिनार में विभिन्न प्रांतों से पधारे 77 रिसर्च स्कॉलर्स को सहभागिता प्रमाणपत्र अतिथियों के हस्ते प्रदान किए गए। सेमिनार में विशेष सहयोग करने वालों में सहायक कुलसचिव अंजलि चौहान, दशरथ गौड़ के साथ रेणुका मालवी, सोनिका सूर्यवंशी, अंकिता मालवीय, विजेंद्र माहोरे व मुकेश चौरे का विशेष सहयोग रहा।



# सिंगोड़ी के हनुमान भक्त 86 किमी की पैदल गदा यात्रा पर निकले



**सिंगोड़ी, देशबन्धु।** सिंगोड़ी के नई आबादी हनुमान मंदिर में सुबह महाआरती कर सभी लोग पैदल रवाना हुए। रास्ते पर पैदल यात्रियों के लिए चाय नाश्ता स्वागत द्वार आकर्षण का केंद्र बने रहे। सिंगोड़ी से लेकर जाम सावली मंदिर तक दानदाताओं ने चाय-नाश्ते के स्टॉल लगाकर पैदल जाने वालों को राहत, सिंगोड़ी पर दोस्ती की एक नई मिसाल देखने को मिल रही है।

**एक दोस्त की मन्नत पूरे करेंगे, सारे दोस्त**

सिंगोड़ी के समाज सेवक अंकुर वैभव मलिक जुड़ा हुआ है। दरअसल अंकुर ने जाम सांवली वाले दादाजी से मन्नत मांगी थी जो पूर्ण हो गई। वह काम सफ्ल होते ही उन्होंने सिंगोड़ी से पैदल चलते हुए दादाजी के दर्शन करने का विचार अपने मित्रों को सुनाया, उनके सभी मित्रों ने इस शुभ काम में साथ चलन एवं मन्नत साथ में मिलकर पूरी करने का विचार किया।

कल 18 जून दिन बुधवार समय 11:35, सिंगोड़ी हनुमान मंदिर से अंकुर वैभव मलिक, नयन सोनी, पारस साहू, शैलेंद्र साहू, शुभम लोहार, रोहित नागवंशी, गजेंद्र सेन, केतन पटेल, मोनू पटेल, युवराज सिंगौरे अपने मित्र की मन्नत पूरी करने के लिए यात्रा का शुभारंभ कर दिये। ग्राम के सभी श्रद्धालु ने स्वागत, सत्कार करके शुभकामनाएं देते हुए जय श्री राम के जयकारा लगाते हुए विदाई दी।

## सार-समाचार

### आयुक्त जबलपुर संभाग ने की एक माह में 119 से अधिक राजस्व न्यायालयों की ऑनलाइन समीक्षा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जबलपुर संभाग अंतर्गत राजस्व न्यायालयों के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रकरणों का मिशन मोड में निराकरण के लिए संभाग आयुक्त द्वारा दैनिक आधार पर न्यूनतम निराकरण वाले 10 राजस्व न्यायालयों के पीठासीन अधिकारियों की वीडियो कान्फ्रेंसिग के माध्यम से नियमित समीक्षा की जा रही है। इसी तारतम्य में विगत एक माह के अंदर ही जबलपुर संभाग के कुल 119 राजस्व न्यायालयों की समीक्षा की जा चुकी है।



संभागायुक्त धनंजय सिंह द्वारा प्रत्येक पीठासीन अधिकारी के न्यायालय में लंबित सबसे पुराने प्रकरण सहित मदवार लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु समीक्षा एवं कार्ययोजना निर्धारित की जा रही है। पीठासीन अधिकारियों की समीक्षा में राजस्व के लंबित प्रकरणों की मदवार चर्चा होती है। साथ ही संबंधित राजस्व न्यायालय के सबसे पुराने राजस्व प्रकरण की केस डायरी के साथ राजस्व अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग में उपस्थित होते हैं। राजस्व प्रकरण के निराकरण में विलम्ब के कारणों की समीक्षा भी की जाती है। सघन समीक्षा का नतीजा यह है कि लगभग एक माह की अवधि में ही जबलपुर संभाग में राजस्व प्रकरणों का निराकरण 34 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हो गया है।

महत्वपूर्ण है कि इस अवधि में नामान्तरण के दर्ज प्रकरणों का निराकरण 40 प्रतिशत से बढ़कर 57 प्रतिशत, बंटवारा के प्रकरणों का निराकरण 32 प्रतिशत से बढ़कर 52 प्रतिशत तथा अभिलेख दुरुस्ती के प्रकरणों का निराकरण 31 प्रतिशत से बढ़कर 51 प्रतिशत हो गया है। सबसे ज्यादा निराकरण सीमांकन के प्रकरणों का हुआ है। जिसमें निराकरण प्रतिशत 36 प्रतिशत से बढ़कर 66 प्रतिशत हो गया है। विगत एक माह में संभाग में 17044 सीमांकन के लंबित प्रकरणों का निराकरण हुआ है। इस प्रकार संभाग में एक माह की अवधि में कुल 74007 राजस्व प्रकरणों का निराकरण हुआ है जो कि उल्लेखनीय उपलब्धि है। राजस्व अधिकारियों की यह समीक्षा प्रतिदिन की जा रही है। इस अनूठी पहल ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण को गति मिली है। ऑनलाईन समीक्षा से अधिक संख्या में राजस्व न्यायालयों के कार्य की सघन मॉनीटरिंग भी संभव हो पा रही है।

### नगर पालिका की एलईडी टीवी के गायब होने का मामला गरमाया

**परासिया, देशबन्धु।** नगर पालिका परासिया की 65 इंच एलईडी टीवी के लंबे समय से गायब होने का मामला जमकर गरमाया आया हुआ है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को शिकायत के बाद भी एलईडी टीवी का कुछ पता नहीं है कि कहां पर है, जिसके कारण नगर पालिका में काबिज भाजपा की परिषद की जमकर फजीयत हो रही है। वहीं नगर पालिका के लिपिक प्रवीण कुमार मिश्रा के द्वारा 16 मई को मुख्य नगर पालिका अधिकारी को एलईडी टीवी के बारे में जो जानकारी लिखित में दी गई है, उससे मामला का जो खुलासा हुआ है, वह काफी चौंकाने वाला है।

लिपिक ने जानकारी दी है कि गत वर्ष 2022-23 में सक्षम स्वीकृति के उपरांत रेडमी स्मार्ट 65 इंच एलईडी टीवी खरीद कर नगर पालिका के अध्यक्ष के कक्ष में स्थापित की गई थी। कुछ माह पूर्व तकनीकी खराबी आने पर अध्यक्ष के द्वारा टीवी को सुधारने के लिए किसी मैकेनिक को दिया गया था। लेकिन टीवी के सुधार के उपरांत अभी तक एलईडी टीवी नगर पालिका को वापस प्राप्त नहीं हुई है। इस मामले को लेकर सीधे तौर पर नगर पालिका अध्यक्ष पर संदेह किया जा रहा है। सूत्रों से पता चला है की एलईडी टीवी करीब 2 साल पहले खराब हुई थी और टीवी को सुधारने में इतना लंबा समय नहीं लगता है। हालांकि इस बारे में मामला लंबे समय से गर्माया हुआ है लेकिन अध्यक्ष के द्वारा आज तक एलइडी टीवी को लेकर कुछ भी नहीं कहा जा रहा है। इस मामले को लेकर कुछ पार्षदों का कहना है कि नगर पालिका अध्यक्ष को एलईडी टीवी के मामले में अपनी स्थिति स्पष्ट करना चाहिए। चूंकि एलईडी टीवी काफी कीमती है और वह नगर पालिका की शासकीय संपत्ति है।

# मिट्टी की खंती में गिरने से युवक की मौत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के थाना उमरेठ अंतर्गत ग्राम मूसादेही कन्हरगांव डेम के किनारे सूरज पिता लेखराम चंद्रवंशी की रेत मिट्टी खदान धसकने से युवक दब गया और उसकी मृत्यु हो गई।



जानकारी मिली है कि खदान निजी है या सरकारी, वैध है या अवैध, लेकिन युवक की मौत की खबर सुनकर ग्रामीणजन इकत्रित हुए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

उधर माता पिता युवक की मौत को लेकर काफी परेशान है। पुलिस की जांच के बाद वास्तविकता का पता चल सकेगा। हालाकि लोगों का मानना है कि वह भैस चराने 13 वर्षीय युवक गया था पानी गिरने से खदान के नीचे छिपा और खदान धसक गई जिससे उसकी मौत होना बताया।

# जैन समाज ने मनाया गर्भकल्याणक महोत्सव



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आषाढ़ कृष्ण छटमीं के शुभ दिन मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा के अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा 1008 तीर्थंकर वासु पूज्य भगवान का मंगलकारी गर्भ कल्याणक महोत्सव मनाया गया।

फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि मंगलमय प्रसंग पर श्री जिनेन्द्र पूजन, श्री वासुपूज्य पूजन के पश्चात श्री सम्मेद शिखर विधान का मंगलकारी अनुष्ठान किया गया जिसे कराने का सौभाग्य जिनशासन सेवक अशोक कुमार ज्ञाता जैन वैभव परिवार को प्राप्त हुआ।

जिसमें सकल जैन समाज छिंदवाड़ा के साथ बैंगलोर, इंदौर, भिलाई, खनियाधाना, नागपुर, सिरोंज, चौपड़ा, बांकल आदि से पधारे श्रावक-श्राविकाओं ने मंगलगान करते हुए तीर्थराज श्री सम्मेद शिखरजी की भाव वंदना की ओर चंबर नृत्य करते हुए जिनशासन की मंगल प्रभावना की।

विधान की मांगलिक क्रियाएं सर्वश्री पंडित ऋषभ शास्त्री, वर्धमान जैन, सचिन जैन, विवेक जैन, आशीष कौशल एवं विशाल शास्त्री द्वारा कराई गई।

विधान के उपरांत बाल ब्रह्मचारी डॉक्टर आरती जैन एवं पंडित अशोक जैन द्वारा मास्टर अव्यक्त जैन एवं बेबी अन्वीक्षा जैन की जैनत्व संस्कार विधि कराकर जैन दर्शन के संस्कारों का बीजारोपण कराया गया जिसकी सभी ने अनुमोदना करते हुए दोनों जिनशासन सेवकों के उज्वल भविष्य की मंगल कामना की।

# सबकी आंखें नम कर गया संस्था ओम मंच का नाटक पांचवा पराठा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शिमला के वर्ल्ड हेरिटेज गेयटी थियेटर में आयोजित 70 वीं अखिल भारतीय नाट्य/नृत्य प्रतिस्पर्धा में छिन्दवाड़ा का नाटक-पाँचवां पराठा खासा चर्चा में रहा। देशभर की 27 नाट्य संस्थाओं ने इसमें अपने-अपने नाटकों की प्रस्तुतियाँ दीं। छिन्दवाड़ा की नाट्य संस्था-ओम मंच पर अस्तित्व द्वारा मंचित इस नाटक में कलाकारों ने अपने भावपूर्ण अभिनय से उपस्थित दर्शकवृंद की आंखें नम कर दी।

छिन्दवाड़ा के कलाकारों के अभिनय और अनुशासन की सराहना करते हुए समूचे नाट्य दल एवं कलाकार पलक टेखरे को शानदार अभिनय के लिए सम्मानित किया गया। ऑल इंडिया आर्टिस्ट एसोसिएशन शिमला के अध्यक्ष और सुप्रसिद्ध अभिनेता रोहिताश्व गौर एवं उपाध्यक्ष रेखा गौर प्रति वर्ष इस आयोजन के माध्यम से शिमला में ये बृहद कलासमागम करते हैं। छिन्दवाड़ा के कलाकारों ने पद्मश्री गिरिराज किशोर की बहुचर्चित कहानी- पाँचवां पराठा पर केंद्रित नाटक का मंचन किया।

नाटक का निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी विजय आनंद दुबे ने किया हैं। संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र आचार्य ने बताया कि नाटक- पाँचवां पराठा दर्शकों पर अपना संवेदनापूरित प्रभाव छोड़ने में सफ्ल रहा। नाटक में श्रीकांत द्विवेदी(सुखदास), समसुन्निशा (धनवती), सुनीता लोमटे (बिचकी), स्वस्ति द्विवेदी (छुटकी) और विजय आनंद दुबे (रिटायर्ड पुलिस अधिकारी) ने अभिनय किया।

संस्था के कलाकार विक्रम टांडेकर ने बताया कि नाटक में मंच के परह्य तृप्ति विश्वकर्मा, पंकेश बगमार ने पूर्वाभ्यास, रंगसंगीत नरेन्द्र सिंह चंदेल, रंगदीपन विजय सोलापुरे, रंगभूषा समसु न्निशा- वंश अंबालकर, मुखसज्जा पलक टेखरे एवं मंच सामग्री का दायित्व सुनीता लोमटे और स्वस्ति द्विवेदी ने निभाया। नाटक के सहनिर्देशक श्रीकांत द्विवेदी थे।



इस अवसर देश के सुप्रसिद्ध नाट्य निर्देशक अरविंद गौड़ (दिल्ली) को प्रतिष्ठित स्व. बलराज साहनी सम्मान 2025 से नवाज़ा गया। वरिष्ठ रंगकर्मी व फिल्म अभिनेता दयाल प्रसाद, अंजम गुलाटी एवं एन.एस.डी. एनण शिरीष डोभाल जैसी रंगमंच की सुपरिचित हस्तियों का सानिध्य भी कलाकारों को मिला।संस्था जल्द ही इस नाटक को छिन्दवाड़ा के नाट्य प्रेमियों के लिए मंचित करेगी।

# निगमायुक्त ने किया एक एमआईजी भवन का आवंटन निरस्त




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अलका श्रीवास पति प्रशांत श्रीवास निवासी श्री प्रज्ञापुरम कालोनी गुरैया रोड छिन्दवाड़ा को नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्रान्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ए.एच.पी. घटक के अंतर्गत ईमलीखेडा एम.आई.जी. हाउसिंग प्रोजेक्ट में एम.आई.जी. भवन क्र. 13 राशि 31,00,000/- में आवंटित किया गया था। उक्त भवन हेतु 22 जुलाई 2019 को बुकिंग राशि 3,10,000/- जमा कर कराई गई थी।

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ईमलीखेडा में निर्मित 78 एम.आई.जी. भवनों के टेण्डर में सम्मलित कार्यों के अतिरिक्त अन्य कार्य सम्मलित करने तथा क्षेत्रफ्ल में वृद्धि होने में प्रति ईकाई लागत में निर्धारित मूल्य में राशि 3.50 लाख रुपये की वृद्धि सक्षम प्राधिकृत अधिकारी द्वारा स्वीकृत की गई थी। इस प्रकार उक्त भवन की कीमत 34.50 लाख रूपये निर्धारित हुई थी जिसमें अलका श्रीवास ने 22.20 लाख रूपये जमा किया है। बारह लाख तीस हजार रूपये अलका श्रीवास की ओर शेष है।

नगर निगम से सूचना पत्र दिये जाने, व्यक्तिगत संपर्क किये जाने तथा पर्याप्त समय दिये जाने के बाद भी अलका श्रीवास द्वारा बकाया राशि जमा नहीं की गई है। जबकि आवंटन शर्तों की कंडिका तीन के अनुसार अलका श्रीवास को सूचना पत्र दिये जाने के पश्चात राशि जमा करना अनिवार्य था, साथ ही भवन का निर्माण लगभग एक वर्ष से पूर्ण हो चुका है।

अलका श्रीवास के उक्त कृत्य से प्रधानमंत्री आवास योजना की गाईड लाईन एवं आवंटन शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन हुआ है तथा भवन निर्माण के कार्य की प्रक्रिया में वित्तीय अवरोध उत्पन्न हुआ है।

अत: पर्याप्त समय दिये जाने के बाद भी कार्य के भौतिक प्रगति / सूचना पत्र दिये जाने के बाद भी राशि जमा न करने के कारण नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय द्वारा बुधवार को आदेश जारी करते हुए श्रीमति अलका श्रीवास को आवंटित ईमलीखेडा एम.आई.जी. भवन क्रमांक 13 का आबंटन निरस्त किया गया।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 150 लोगों की जांच हुई

**परासिया, देशबन्धु।** न्यूटन चिखली के वार्ड क्रमांक 10 में बुधवार को वेकोलि के केंद्रीय चिकित्सालय के द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 150 मरीजों की जांच कर दवाईयां दी गई। चिकित्सकों के द्वारा मरीजों को परामर्श भी दिया गया। शिविर में स्त्रियों की बीमारियों, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर के अलावा मुख एवं दांत रोग के मरीज आए। वही सामान्य स्वास्थ्य की जांच भी हुई। शिविर में चिकित्सालय की सीएमएस जयश्री राय, डॉ. कुणाल यादव, डॉ. प्राजक्ता, फार्मासिस्ट संदीप राय, नेहा यदुवंशी, शीला एवं श्रस्टी उपस्थित थी।



# दो एसडीओ वन के तबादले

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन वन विभाग ने स्थानांतरण आदेश जारी करते हुए पश्चिम वन मंडल सामान्य के उपवन मंडल परासिया में पदस्थ विजेन्द्र कुमार खोब्रागड़े का स्थानांतरण सहायक वन संरक्षक कार्यालय पीसीसीएफ भोपला किया गया है तथा पूर्व वन मंडल सामान्य छिन्दवाड़ा के उप वन मंडल अधिकारी भारत सिंह सोलंकी का स्थानांतरण सहायक संचालक संजय टाईगर रिजर्व सीधी में किया है।